**कार्यालय नगर निगम, देहरादून।**

**निविदा सूचना**

नगर निगम देहरादून में वर्ष 2025–26 में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 1) वार्ड–34 गोविन्दगढ़ में स्थित छोटी बिंदाल नाले पर श्री बिष्ट जी के घर से श्री रमोला जी के घर तक आर0सी0सी0 नाले का निर्माण 2) नगर निगम के मुख्य कार्यालय के सामने स्थित वाहन पार्किंग में रिचार्जपिट का निर्माण कार्य की सीलबन्द निविदा निर्धारित प्रपत्रों पर दिनांक 04.06.2025 को 4.00 बजे आमंत्रित की जाती है, जो निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के कार्यों का विवरण एव शर्ते नगर निगम की वैबसाईट www.nagarnigamdehradun.com एवं कार्यालय नगर निगम, देहरादून के सूचना पट्ट एवं अभियन्त्रण अनुभाग में देखा जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि से 120 दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी। निविदा फार्म व शर्ते नगर निगम, देहरादून के कार्यालय से दिनांक– 30.05.2025 को कार्यालय दिवस में 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा आमन्त्रण की तिथि पर अवकाश होने पर अगली तिथि पर निविदा की जायेगी। रक्षाधन, एफ0डी0आर/सी0डी0आर0 एवं अन्य समकक्ष रूप में शुल्क जमा करने से पूर्व कार्यालय में जमा करानी अनिवार्य होगी। बिना रक्षाधन के निविदा प्रपत्र जारी नहीं किया जायेगा। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम में निहित है।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

## कार्यालय नगर निगम देहरादून

पत्रांक –138/सा0नि0वि0/न0नि0/दे0दून/2025–26 दिनांक:– 14.05.2025

प्रतिलिपि:–

1. जिलाधिकारी देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ विभागों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. सम्पादक हिन्दुस्तान/राष्ट्रीय सहारा को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को न्यूनतम क्षेत्रफल में आगामी देहरादून संस्करण में पूर्व में निर्धारित दरों पर छूट देते हुए प्रकाशित कर बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां निःशुल्क बिल भुगतान हेतु नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्य की निविदा संबंधित समस्त विवरण नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigamdehradun.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. नोटिस बोर्ड, नगर निगम देहरादून पर चस्पा करने हेतु।

अधिशासी अभियन्ता,
नगर निगम, देहरादून।